आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करणः जयपुर


हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in

वर्षः 10 | अंकः 320 | जयपुर, रविवार 31 मई, 2026 | मूल्यः निःशुल्क | पृष्ठः 4



फूड सेफ्टी टीम... पेज 2



स्वदेशी जागरण मंच... पेज 3

# आर्मी चीफ बोले- भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार

## अभी केवल संघर्ष विराम हमने बेंचमार्क बनाया कि भारत उकसावे पर कैसा जवाब देता है

**पुणे/दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। फिलहाल संघर्ष विराम जैसी स्थिति है। जरूरत पड़ी तो तीनों सेनाएं 'ऑपरेशन सिंदूर 2.0' के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आर्मी चीफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बेंचमार्क सेट कर दिया है कि भारत किसी भी उकसावे पर कैसे जवाब देता है। आज पास होने वाले अफसर अपने करियर की शुरुआत से ही इस बेंचमार्क को बनाए रखें। आर्मी चीफ पुणे के खड़कवासला में शनिवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का 150वीं पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। उन्होंने 355 कैडेट अफसरों की परेड की सलामी ली। इस दौरान कैडेट्स ने मार्च पास्ट किया। एयरफोर्स के फ्लाईपास्ट में सुखोई, चेतक हेलिकॉप्टर, सारंग हेलिकॉप्टर एरोबेटिक्स टीम और आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम ने हिस्सा लिया।

### सेना प्रमुख के नए अफसरों को मैसेज

आधुनिक युद्ध पारदर्शी हो गया है। 24 घंटे हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है। ऐसे में सैनिकों की तैनाती, ऑपरेशन और बॉर्डर के पास बसे नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहने की जरूरत है। जीत हमेशा दिमाग में होती है। यह जमीन पर नहीं होती। इन्फॉर्मेशन वॉरफेयर तभी सफल होता है जब पूरा देश एक साथ आए और सूचना देने वाले लोगों पर भरोसा करे। जिस देश के नागरिक और संस्थाएं एक-दूसरे पर विश्वास करती हैं, वह देश हमेशा मजबूत स्थिति में रहता है। जब युद्ध की गति बहुत तेज हो रही हो, तब संसाधनों के दायरे में रहकर मदद की जरूरत पड़ती है, ताकि तेजी से फैसले ले सकें। बहुत सारी तकनीकों और संसाधनों को संभालने के लिए, ऑटोमेशन की जरूरत होती है, और



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इसमें बहुत अहम रोल निभाता है। भविष्य की लड़ाइयां केवल पारंपरिक तरीके से नहीं लड़ी जाएंगी, बल्कि ये कई मोर्चों पर होंगी। इनमें जमीन, हवा, समुद्र, अंतरिक्ष, साइबर, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक, लोगों के दिमाग और सोच पर असर डालना शामिल होंगे। जब से मैंने कमान संभाली है, तब से ईगल ऑन द आर्म (हाथ में बाज) की बात की है। मतलब हर सैनिक के हाथ में एक बाज होना चाहिए, हर सैनिक में



ड्रोन उड़ाने की काबिलियत होनी चाहिए। हमारी अकादमियों और दूसरी जगहों पर इसके लिए ट्रेनिंग चल रही है।

### अगले 2-3 साल में शुरू हो सकता है सेना का थिएटर कमांड सिस्टम

थिएटर कमांड व्यवस्था पर बोलते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि यह प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। इससे जुड़ी पूरी रिपोर्ट रक्षा मंत्री को सौंप दी गई है। इसका अलग-अलग लेवल पर रिव्यू भी चल रहा है। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में सेना, नौसेना और वायुसेना चीफ अपनी-अपनी सेनाओं की तैयारी और संसाधनों की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि थिएटर कमांडर जॉइंट मिलिट्री ऑपरेशन देखेंगे। सेना प्रमुख ने उम्मीद जताई कि अगले 2 से 3 साल में यह व्यवस्था जमीनी स्तर पर लागू होती दिखाई दे सकती है, इसके लिए तीनों सेनाओं के प्रमुख हितों का ध्यान रखा जाए। अभी भारत में तीनों सेनाओं के अलग-अलग कुल 17 कमांड हैं। किसी सैन्य अभियान के दौरान तीनों सेनाएं मिलकर काम तो करती हैं, लेकिन उनकी कमान अलग-अलग रहती है। थिएटर कमांड व्यवस्था में किसी क्षेत्र या मिशन के लिए एक ही कमांडर होगा। इसके सेना की तीनों यूनिट्स एक साथ काम करेंगी।

### बदलाव के दशक के तहत खुद को बदल रही है सेना

जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना युद्ध के बदलते रूप को समझते हुए खुद को भविष्य के लिए तैयार कर रही है। सेना डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन (बदलाव के दस साल) पहल के तहत आधुनिक और तकनीक-सक्षम बल में बदलने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सेना के भीतर मौजूदा संसाधनों से ही फर्स्ट रेजिमेंट बटालियन, दिव्यास्त्र बैटरियां, शक्तिमान रेजिमेंट, भारत बटालियन और दूसरी तकनीक-आधारित सैन्य संरचनाएं विकसित की जा रही हैं। इसमें युवा पीढ़ी की भूमिका को सेंटर में रखा गया है।

### क्या है ऑपरेशन सिंदूर, जिसके दूसरे वर्जन का जिक्र आर्मी चीफ ने किया

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने यह कार्रवाई की थी। आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके बाद भारतीय सेना ने 6-7 मई की रात केवल 24 मिनट में PoK से ऑपरेट हो रहे 9 प्रमुख आतंकी लॉन्चपैड और ठिकानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया था। सैटेलाइट इमेजेस के मुताबिक, भारत ने पाकिस्तान के सरगोधा, नूर खान, भोलारी और सुक्कुर एयरबेस को भी निशाना बनाया था, जिससे उन्हें भारी नुकसान पहुंचा था। सेना के अनुसार, इस ऑपरेशन में 100 से ज्यादा पाकिस्तानी जवान और कई कुख्यात आतंकवादी मारे गए थे।

# ट्रम्प 80 साल की उम्र में पूरी तरह फिट

## दिल की उम्र 14 साल कम निकली, दिमागी टेस्ट में 30 में 30 अंक मिले



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले महीने 14 जून को 80 साल के हो जाएंगे। उम्र के इस पड़ाव पर भी वह पूरी तरह फिट हैं। व्हाइट हाउस ने ट्रम्प की नई मेडिकल रिपोर्ट शुक्रवार को जारी की है। 3 पन्नों की इस रिपोर्ट में उनकी सेहत को बेहतरीन बताया गया है। ट्रम्प की मानसिक क्षमता की जांच के लिए मॉन्ट्रियल कॉग्निटिव असेसमेंट (एमओसीए) टेस्ट भी कराया गया। यह करीब 10 मिनट का टेस्ट होता है, जिससे डिमेंशिया, अल्जाइमर या दूसरी मानसिक समस्याओं के संकेतों का पता लगाया जाता है। ट्रम्प को इस टेस्ट में 30 में से पूरे 30 अंक मिले। व्हाइट हाउस के डॉक्टर शॉन पी. बारबाबेला ने बताया कि राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारियां निभाने के लिए ट्रम्प पूरी तरह फिट हैं। उनकी दिले, फेफड़े, दिमाग और शरीर बहुत मजबूत है। ट्रम्प की 'कार्डियक एज' यानी दिल की वास्तविक उम्र उनकी असली उम्र से 14 साल कम है।

### 22 एक्सपर्ट डॉक्टरों ने जांच की

ट्रम्प का यह मेडिकल चेकअप मंगलवार को वॉल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में हुआ था। ट्रम्प अमेरिका के सबसे अधिक उम्र के राष्ट्रपति हैं। ऐसे में 22 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उनकी कई तरह की शारीरिक और मानसिक जांच की गई। इसमें CT स्कैन, हार्ट इमेजिंग, कैंसर स्क्रीनिंग और कई प्रिवेंटिव टेस्ट शामिल थे। डॉक्टरों ने उनके दिल का अल्ट्रासाउंड (इकोकार्डियोग्राम) भी किया। पिछले साल उनके कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम की अतिरिक्त जांच हुई थी और उन्हें क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी नाम की बीमारी बताई गई थी।


# बंगाल में अभिषेक बनर्जी से मारपीटःअंडे फेंके, शर्ट फाड़ी, चोर-चोर के नारे लगाए

## हेलमेट पहनाकर निकालना पड़ा, टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने गए थे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी से शनिवार शाम को मारपीट हुई है। वे यहां चुनावी हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। लोगों ने उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके, उनकी शर्ट फाड़ दी। अभिषेक को हेलमेट पहनाकर वहां से निकाला गया। पूर्व सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने कहा- देखो उन्होंने मेरे साथ क्या किया है। यह पहले से प्लान था। इलाके में कोई पुलिस नहीं है। वे मुझे मारना चाहते हैं। हेलमेट की वजह से सिर बच गया। ऐसे हमलों से हम डरेंगे नहीं। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई है। हमले के बाद अभिषेक ने चुनाव के बाद हुई हिंसा में मारे गए टीएमसी कार्यकर्ता के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा- मैं सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा और संसद में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दूंगा। जब तक पुलिस नहीं आती, मैं पीड़ित परिवार को नहीं छोड़ूंगा, नहीं तो लोग उन्हें मार सकते हैं।

### सोनारपुर में चुनाव के बाद हिंसा हुई थी

दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित सोनारपुर बेहत संवेदनशील इलाका माना जाता है। यहां टीएमसी और बीजेपी के बीच कड़ा मुकाबला रहा है। यहां चुनावों के दौरान और बाद में राजनीतिक हिंसा होती रही हैं। चुनाव के बाद मई 2026 में सोनारपुर के कामराबाद नस्करपाड़ा इलाके में भाजपा कार्यकर्ता सौमेन दास के घर में आग लगा दी गई थी। उन्होंने स्थानीय टीएमसी कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया कि पहले उन्हें धमकियां दी गई



थीं और बाद में घर में आग लगा दी गई। सोनारपुर दक्षिण से भाजपा की रूपा गांगुली विधायक हैं। उन्होंने 2026 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी उम्मीदवार अरुंधति मैत्रा (लवली मैत्रा) को हराया था।

### फर्जी हस्ताक्षर मामले में आज सीआईडी का समन मिला था

आज सुबह ही अभिषेक को पश्चिम बंगाल सीआईडी ने कथित फर्जी हस्ताक्षर मामले में समन भेजा है। उन्हें सोमवार दोपहर 12 बजे सीआईडी मुख्यालय भवानी भवन में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पीटीआई के मुताबिक, सीआईडी अधिकारियों ने शनिवार को उनके कालीघाट स्थित आवास पर जाकर नोटिस सौंपा।

### अभिषेक ने शाह को लेकर धमकी भरा बयान दिया

ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ 15 मई को एफआईआर दर्ज की गई थी। उनके खिलाफ बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ धमकी भरा बयान देने का आरोप है। केस उत्तर 24 परगना जिले के बिधाननगर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। अभिषेक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ धमकी भरा बयान दिया। सार्वजनिक कार्यक्रमों में विपक्षी कार्यकर्ताओं के खिलाफ आक्रामक भाषा इस्तेमाल किया।

### शाह पर अभिषेक बनर्जी के पिछले 4 बयान

**10 अप्रैल 2026:** अभिषेक ने शाह के घुसपैठ वाले आरोप पर जवाब देते हुए कहा था- अगर घुसपैठ हो रही है तो इसकी जिम्मेदारी अमित शाह की है। सीमा सुरक्षा बीएसएफ और गृह मंत्रालय के अधीन है, राज्य सरकार के नहीं। **16 अप्रैल 2026:** पूर्व मेदिनीपुर के भगवानपुर की रैली में कहा- अमित शाह को चैलेंज करता हूं, अगर दम है तो 4 मई को कोलकाता में रहिएगा। 12 बजे के बाद मुलाकात होगी। 4 मई को पता चलेगा कि आप कितने बड़े गुंडे हैं। खेला तुम लोगों ने शुरू किया है, बाकी TMC करेगी। **25 अप्रैल 2026:** चुनाव प्रचार के दौरान अभिषेक ने कहा- अमित शाह मतदाताओं को धमकाने की राजनीति कर रहे हैं। BJP को हार दिख रही है, इसलिए डर का माहौल बनाया जा रहा है। **2 मई 2026:** उन्होंने कहा- अमित शाह और चुनाव आयोग दोनों सुन लें, 4 मई को बंगाल की जनता जवाब देगी। लोकतंत्र को दबाने की हर कोशिश का जवाब मिलेगा।

### 4 मईः बंगाल में पहली बार भाजपा को बहुमत मिला

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के 4 मई को आए रिजल्ट में भाजपा ने 294 में से 208 सीटें जीतकर पहली बार सरकार बनाई थी।

# देश में घरेलू हिंसा दर 29.2प्रतिशत से घटकर 22.3प्रतिशत हुई

## महिलाओं में मोटापा 7प्रतिशत बढ़ा; 96.5प्रतिशत घरों तक साफ पानी पहुंचा

**नई दिल्ली।** नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2023-24 की रिपोर्ट शुक्रवार को जारी हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं में मोटापा साल 2019-21 के मुकाबले 7% बढ़ गया। देश में घरेलू हिंसा की दर 29.2% से घटकर 22.3% पर आ गई है। वहीं, बाल विवाह का कुल आंकड़ा 23.3% से घटकर 20.1% रह गया है। कामकाजी महिलाएं 30.8% तक पहुंच गईं, जो पहले 25.4% थीं। वहीं, निजी अस्पतालों में होने वाली सिजेरियन डिलीवरी 54.1% के रिकॉर्ड स्तर पर है। शुरुआती 6 महीनों तक शिशुओं को 'केवल स्तनपान' कराने की दर 63.7% से गिरकर 55.8% पर आ गई है। 98.3% घरों में बिजली और 96.5% घरों में साफ पानी पहुंच चुका है। महिलाओं में इंटरनेट का उपयोग दोगुना होकर 64.3% पर पहुंच गया है।

### 18.8% महिलाओं के पास जमीन का मालिकाना हक

देश में अब कुल 18.8% परिवारों में महिलाओं के पास मकान या जमीन का मालिकाना हक है। शहरों में 18.2% और ग्रामीण इलाकों में 19.1%। जबकि पिछले (2021) सर्वे में यह केवल 14.0% था। लेकिन परिवार नियोजन के आधुनिक तरीके (जैसे गोली, कंडोम, नसबंदी) अपनाने वाली



महिलाओं की संख्या में गिरावट आई है और यह पिछले सर्वे के 56.4% से घटकर अब कुल 52.7% रह गई हैं।

### कुपोषित बच्चों में बच्चों में नाटापन घटा

2021 के सर्वे में कुपोषित बच्चों में नाटेपन का आंकड़ा 35.5% था, जो अब घटकर 29.3% पर आ गया है। बच्चों की लंबाई में आया यह 6.2 प्रतिशत अंकों का सुधार एक बहुत बड़ी और सकारात्मक राहत है। 6 महीने से 2 साल तक के केवल 15.3% बच्चों को सही और संतुलित खाना मिल पा रहा है। यानी 85त्न बच्चों को जरूरी पोषण नहीं मिल रहा।

### बिहार में वैवाहिक हिंसा सबसे ज्यादा

बाल विवाह में केरलम 2.9% मामलों के साथ सबसे सुरक्षित राज्य है, जबकि पश्चिम बंगाल (36.4%) और बिहार (34.6%) में इसके सबसे अधिक मामले हैं। वैवाहिक हिंसा के मामले में हिमाचल प्रदेश 4.3% के साथ सबसे सुरक्षित है, जबकि बिहार में स्थिति सबसे खराब है जहां 36.1% महिलाओं को इसका सामना करना पड़ता है। वहीं मोटापे की समस्या आंध्र प्रदेश (48%), सिक्किम (48%) और केरलम (46.7%) की महिलाओं में सबसे ज्यादा है, जबकि मेघालय (13.8%) और झारखंड (16.9%) में यह समस्या सबसे कम पाई गई है।

### भारत में 30% महिलाओं ने पार्टनर से हिंसा झेली

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 30% महिलाएं इंटीमेट पार्टनर वॉयलेंस का शिकार हुई हैं। यानी कि उनके पति या पार्टनर के जरिए मानसिक, आर्थिक और यौन हिंसा की गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि 15 से 49 एज ग्रुप की हर पांचवीं महिला इससे पीड़ित है। वहीं दुनिया में करीब 84 करोड़ महिलाओं ने अपनी जिंदगी में कभी न कभी पार्टनर की तरफ से सेक्शुअल एब्यूज झेला है। साल 2000 के बाद से यह आंकड़ा मुश्किल से ही बदला है। अगर नॉन-पार्टनर की बात की जाए तो दुनिया भर में 15-49 साल की उम्र की 8.4 परसेंट महिलाओं को किसी ऐसे व्यक्ति से सेक्शुअल हिंसा का सामना करना पड़ा है जो पार्टनर नहीं है। वहीं भारत में 15 साल और उससे ज्यादा उम्र की लगभग चार परसेंट महिलाओं के साथ किसी ऐसे व्यक्ति ने यौन हिंसा की है जो उनका पार्टनर नहीं है।

# विनेश फोगाट एशियन गेम्स ट्रायल में हारीं

## बोलीं- पूरे सिस्टम से लड़ी, वापसी करूंगी; बैन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल की मंजूरी दी थी



**पानीपत।** ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट शनिवार को एशियन गेम्स ट्रायल का सेमीफाइनल मैच हार गईं। 53 किलो कैटेगरी में लगातार दो बाउट जीतने के बाद उन्हें जींद की मीनाक्षी गोयत ने हराया। विनेश अब एशियन गेम्स में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। हार के बाद विनेश ने कहा- मैं पूरे सिस्टम के खिलाफ लड़ रही थी। एक तरफ मैं थी और दूसरी तरफ सभी लोग थे। मैं फिर वापसी करूंगी। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एंटी-डोपिंग नियमों का हवाला देते हुए फोगाट को 26 जून 2026 तक घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर बैन लगा दिया था। विनेश ने इसके खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, डिवीजन बेंच ने विनेश के पक्ष में फैसला सुनाया था। WFI ने फोगाट का ट्रायल रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- विनेश शानदार रेसलर हैं, उन्होंने देश को गर्व महसूस कराया। विनेश को एशियन गेम्स 2026 के चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दी जाती है।

### विनेश बोलीं- मै फेल नहीं हुई

विनेश हार के बाद भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा- हार को अपनी असफलता नहीं मानती। मैं फेल नहीं हुई हूं। मैं फिर वापसी करूंगी। मेरा संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है और भविष्य में फिर से खुद को साबित करने के लिए मैट पर लौटूंगी। विनेश फोगाट को पहले केवल 50 किलोग्राम वर्ग में खेलने को कहा गया, जिस पर उन्होंने विरोध जताया। विवाद के बाद WFI अध्यक्ष संजय सिंह के हस्तक्षेप से उन्हें 53 किलोग्राम वर्ग के ट्रायल में भी उतरने की अनुमति मिली।

## 'भरतपुर जिले की जूनीयर बॉक्सिंग टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने दौसा रवाना' हुई



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा भरतपुर।** जिले की जूनीयर (अण्डर-17) बॉक्सिंग टीम 01 से 03 जून तक दौसा में होने वाली बालक/बालिका वर्गों की सातवीं राजस्थान राज्य स्तरीय जूनीयर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भरतपुर का प्रतिनिधित्व करने दौसा रवाना हुई। बालक वर्ग की बॉक्सिंग टीम में 46 कि.ग्रा. भार वर्ग में उत्कर्ष शर्मा, 48 कि.ग्रा. में नितिन कुमार, 50 कि.ग्रा. में वरूण चाहर, 52 कि.ग्रा. में नरेन्द्र गौड़, 54 कि.ग्रा. में पीयूष चौधरी, 57 कि.ग्रा. में विश्वेन्द्र सिंह, 60 कि.ग्रा. में ललित कुमार, 63 कि.ग्रा. में मोनू, 66 कि.ग्रा. में हिमांशु सोगरवाल, 70 कि.ग्रा. में रोबिन, 75 कि.ग्रा. में मनीष कुमार, 80 कि.ग्रा. में हीवा सिनसिनवार, +80 कि.ग्रा. से अधिक भार वर्ग में समीर चाहर भरतपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। वही बालिका वर्ग में 46 कि.ग्रा भार वर्ग में यशिका, 48 कि.ग्रा. में मानवी डागुर, 52 कि.ग्रा में साक्षी सिंह एवं 60 कि.ग्रा भार वर्ग में मीनाक्षी चौधरी भाग लेंगी। टीम मैनेजर पुनीत फौजदार एवं रिशु कुन्तल एवं टीम कोच कृष्ण कुमार शर्मा एवं मनीषा चाहर होंगे। वही समीर चाहर टीम कप्तान एवं वरूण चाहर उपकप्तान होंगे । भरतपुर जिला बॉक्सिंग संघ चेयरमैन एवं बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इण्डिया के क्वालीफाइड रिंग ऑफिशियल डॉ. राकेश चाहर इस प्रतियोगिता में तकनीकी अधिकारी होंगे। खिलाडियों एवं प्रशिक्षकों को भरतपुर बॉक्सिंग संघ की तरफ से टी-शर्ट दी गई।खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को भरतपुर बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष भगतसिंह सुरौता, भरतपुर जिला बॉक्सिंग संघ सचिव डॉ. संदीप देशवाल, इण्डियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष लोकेश चाहर, भरतपुर बॉक्सिंग रिंग ऑफिशियल कमेटी चेयरमैन गोविन्द कटारा, दीपक तोमर, नीरज घनसौटी, मानवेन्द्र सुनारी, तेजेन्द्र कुन्तल अभौर्रा आदि ने शुभकामनाएँ दीं।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात, सुनी क्षेत्र की समस्याएं



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने शनिवार को मंडावरा गांव में आयोजित वंदे गंगा कार्यक्रम के दौरान उदयपुरवाटी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष को क्षेत्र में पेयजल, सड़क, बिजली तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी। मुकेश दाधीच ने कार्यकर्ताओं की बात सुनते हुए समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित स्तर पर प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध है और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता है। साथ ही कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुशील सैनी, गौतम मरवाल, श्याम सुंदर छीपा, अनिमेष गुप्ता, बलबीर सिंह, तेजस छीपा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इंजीनियर हरीश चन्द सोनी डीग निवासी के सेवा निवृत होने पर अधिक्षण अभियंता अश्वनी यादव ने उनको सम्मानित किया

### सोनी की कार्यप्रणाली को देखते हुए भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड के अध्यक्ष चंडीगढ़ ने पूर्व में भी किया था सम्मानित

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**दीपचंद शर्मा डीग।** जल संसाधन विभाग के अधीन इंदिरा नहर परियोजना नई दिल्ली में कार्यरत डीग निवासी इंजीनियर हरीश चन्द सोनी डीग निवासी सहायक अभियंता, अतिरिक्त कार्यभार अधिशाषी अभियंता, दिनांक 31- 5 - 2026 को 30 वर्ष अपनी सेवा उपरांत सेवा निवृत हो रहे हैं। उनकी सेवा निवृत से पूर्व उनकी विदाई समारोह काका नगर नई दिल्ली में अधिक्षण अभियंता अश्वनी यादव ने इंजीनियर हरीश चन्द सोनी को सम्मानित किया गया । हरीश चन्द सोनी द्वारा भांखड़ा व्यास प्रबन्ध बोर्ड में राजस्थान सरकार के हिस्सेदारी के तहत हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, एवं दिल्ली में लगभग 25 वर्ष की अपनी सेवाएं प्रदान की गई । इंजीनियर सोनी की कार्यप्रणाली को देखते हुए भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड के अध्यक्ष चंडीगढ़ द्वारा 2006 एवं 2016 में उनको सम्मानित भी किया गया था । सोनी के सेवा कार्यों की अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनकी भूरी - भूरी प्रशंसा की ।

# मावता में आकाशीय बिजली गिरने से टूटी मकान की पट्टियां

## मकान में सो रही 68 वर्षीय मेवा देवी की हुई मौत, उदयपुरवाटी हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए लाई डेड बॉडी का देरी से हुआ पोस्टमार्टम, देरी से पोस्टमार्टम पर भड़के परिजन

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**उदयपुरवाटी।** उपखंड क्षेत्र के मावता गांव में स्थित ढाणी नवोढ़ा मैं 68 वर्षीय मेवा देवी पत्नी प्रहलाद राम सैनी,ढाणी नवोढा, गांव मावता की मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गइ। मृतक मेवा देवी को पोस्टमार्टम के लिए उदयपुरवाटी राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां उनका पोस्टमार्टम में देरी होने से परिजन भड़क गए। कांग्रेस नेता के.के सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टमार्टम करने वाले कर्मचारी को 8:30 बजे से फोन कर रहे थे लेकिन वह 10:45 पर घर से पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल आए द्य पोस्टमार्टम में देरी होने के कारण परिवार जनों में काफी गुस्सा देखा गया द्य आपको बता दें कि मृतक मेवा देवी का 29 मई को दोपहर बाद शाम के समय बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से मकान की पट्टियां टूटी और उनकी मौत हो गई द्य पोस्टमार्टम में देरी के कारण का पता हमने जब राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अनिमेष गुप्ता से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम करने वाले कर्मचारियों को कई बार फोन किया लेकिन वह फोन नहीं उठा रहा था फिर उसको घर से बुलाया गया तब मृतक का पोस्टमार्टम हुआ द्य पोस्टमार्टम करने वाले कर्मचारी महेंद्र ने बताया कि नाइट ड्यूटी होने की वजह से वह आराम कर रहा था द्य जब पोस्टमार्टम करने वाले कर्मचारी को सुबह पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल बुलाया गया तब जाकर के मृतक का पोस्टमार्टम हुआ और सब परिजनों को शोप दिया गया द्य कांग्रेस नेता क सैनी ने बताया कि अस्पताल में चल रही है व्यवस्थाओं को लेकर वे शीघ्र ही उच्च अधिकारियों से भी मिलकर अवगत करवाएंगे । अस्पताल में डैड बोड़ी के साथ सीता राम ,राम निवास ,राजू ,ओम प्रकाश,कुल्डा राम,तेजा राम,भगवाना राम,मूला राम,नागर मल,हजारी लाल, मुकेश आदि दर्जनों लोग अस्पताल परिसर में मौजूद रहे।

### इनका कहना है

अस्पताल में पोस्टमार्टम करने वाला सिर्फ एक ही कर्मचारी है जिसकी वजह से ऐसी परेशानियां उत्पन्न होती है वैसे पोस्टमार्टम के लिए दो फोर्थ क्लास कर्मचारी हैं लेकिन एक का पद अभी खाली चल रहा है।

**डॉ अनिमेष गुप्ता**
**चिकित्सा प्रभारी**
**राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र**
**उदयपुरवाटी**

# फूड सेफ्टी टीम ने मुहाना मंडी में फल विक्रेताओं को किया जागरूक





● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर द्वितीय।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉक्टर टी. शुभमंगला के निर्देश पर सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम आम एवं अन्य फलों को गैर वैज्ञानिक तरीकों से पकाए जाने की शिकायत पर शनिवार सुबह मुहाना मंडी पहुंची। सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि टीम ने राज्य के बाहर से आने वाले आम के ट्रकों का निरीक्षण किया। कुछ ट्रकों के आम की पेटियां खोलकर देखने पर इनमें किसी प्रकार की केमिकल की पुड़िया रखी हुई नहीं पायी गई। कुछ ट्रकों में आम की पेटियां खोलकर देखने पर एक पेटी में एक पाउच इथाईलीन राईपनर रखा हुआ था, जिस पर एफ एस एस ए आई से अप्रूव एवं नंबर अंकित था। मौके पर उपस्थित फल मंडी के अध्यक्ष कैलाश फाटक ने बताया कि आम की कुछ किस्म जैसे सफेदा जो हैदराबाद से आता है, उनमें इथाईलीन के पाउच रखे होते हैं। सप्लायर द्वारा इनके अप्रूव्ड होने का सर्टिफिकेट भेजा जाता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल द्वारा फल विक्रेता संघ के साथ बैठक कर फलों को वैज्ञानिक तरीकों से पकाए जाने के विषय में जानकारी दी गई एवं जागरूक किया गया। संघ द्वारा जनहित में पूर्ण सहयोग हेतु प्रतिबद्धता जाहिर की गई।

## यो-यो फिटनेस टेस्ट प्रक्रिया संपन्नः अब होगा सिलेक्शन मैचो के आधार पर भरतपुर जिले की 16 सदस्यीय अंडर-19 क्रिकेट टीम का चयन किया

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**दीपचंद शर्मा भरतपुर।** जिला क्रिकेट संघ भरतपुर द्वारा राज्य स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भरतपुर जिले की टीम चयन हेतु पूर्व में रखी गई एक दिवसीय चयन ट्रायल के बाद खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट के लिए चयन कर यो-यो टेस्ट लिया गया। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि जिले के चयनकर्ताओं द्वारा अंडर-19 भरतपुर जिले की टीम बनाने हेतु चयन ट्रायल के बाद लगभग 45 खिलाड़ियों का यो - यो फिटनेस टेस्ट के लिए चयन किया गया, इसमें से पहली बार में अधिकांश खिलाड़ी फेल हो गए थे उसके बाद दुबारा यो-यो फिटनेस टेस्ट के लिए खिलाड़ियों को दूसरी बार मौका देकर बुलाया गया उसके बाद भी अधिकांश खिलाड़ी फेल हो गए परंतु खिलाड़ियों के भविष्य को मध्य नजर रखते हुए जिला संघ एवं चयनकर्ताओं ने अंडर-19 खिलाड़ियों को दिनांक 30 मई को तीसरा व अंतिम मौका देकर फिटनेस टेस्ट प्रक्रिया समाप्त की गई और इस प्रक्रिया के बाद जिले के चयनकर्ताओं ने 33 खिलाड़ियों का सिलेक्शन मैचो के लिए चयन किया है । अब यह 33 खिलाड़ी आपस में तीन सिलेक्शन मैच खेलेंगे सचिव ने यह भी बताया कि इन तीनों मैचो के टीमों का नाम भरतपुर जिले के पूर्व दिवंगत खिलाड़ियों के नाम पर रखा गया है । हरीश चौधरी एकादश, योगेंद्र सिंह गुल्ला एकादश तथा चन्दा लवानिया एकादश होगा। चयनित खिलाड़ी के नाम निम्न प्रकार है । हरीश चौधरी एकादश*- हिमांशु सोगरवाल (कप्तान) अनमोल शर्मा, हरीदत्त तिवारी, मन्नू सैनी, कपिल, उर्मित सिंह, उत्कर्ष शर्मा, कुनाल फौजदार, आकाश, युगल किशोर, प्रशांत चाहर योगेंद्र सिंह गुल्ला एकादश* के खिलाड़ी आर्यन बघेल (कप्तान) मुकीम खान, गिरीश चौधरी, राज चौधरी गौरव चाहर, अंकित कुमार, लव दीक्षित, मानवेंद्र सिंह, टिंकू परमार, पुनीत गुर्जर, राज चन्दा लवानिया, एकादश के खिलाड़ी अनुज मीणा (कप्तान) ध्रुव, देवदत्त तिवारी, जय सिंह परिहार, कुश सोलंकी, विनय कामवार, जतिन कुमार, आशीष प्रजापत, तनिष्क खंडेलवाल, योगेन्द्र मीना, अंकित 2 होंगे । यह सिलेक्शन मैच 4 जून 2026 से आयोजित होंगे सिलेक्शन मैचो के बाद चयनित जिले की टीम राज्य स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता खेलने के लिए रवाना होगी।

## कलेक्टर-जेडीसी के नहीं आने पर सांसद-विधायक भड़के

जयपुर। जयपुर के द्रव्यवती प्रोजेक्ट को लेकर कलेक्ट्रेट में बुलाई गई बैठक में कलेक्टर संदेश नायक,जेडीसी और निगम कमिश्नर के नहीं पहुंचने पर बीजेपी सासंद और विधायकों ने नाराजगी जताई। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने खरी-खोटी सुनाते हुए ब्यूरोक्रेसी के रवैये पर गंभीर सवाल उठाए। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि अफसरों को द्रव्यवती नदी से नहीं द्रव्य (पैसे) से मतलब है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा- लगता है, कलेक्टर, कमिश्नर, जेडीसी सभी ने एक ही दिन छुट्टी ले ली।

### सांसद भड़के, विशेषाधिकार हनन में कार्रवाई की दी चेतावनी

जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने अफसरों के रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा- द्रव्यवती पर बैठक है और जिम्मेदार अफसर गायब हैं। कितनी बार से द्रव्यवती पर चर्चा हो रही है, लेकिन गंभीरता का आलम यह है कि जिम्मेदार ही बैठक में नहीं आते। सांसद ने गुस्से में विशेषाधिकार हनन में कार्रवाई करने तक की चेतावनी दे दी। उन्होंने कहा कि सांसद और विधायक का प्रोटोकॉल आपसे बहुत हाई होता है। हमें कुछ प्रिविलेज हैं, हम तो साधारण लोग हैं, इसलिए कुछ करना नहीं चाहते। हम चाहें तो बहुत कुछ कर सकते हैं, एक तरफ लोकसभा है, दूसरी तरफ विधानसभा है। विधायक गोपाल शर्मा ने अफसरों के कामकाज की शैली पर जमकर सवाल उठाए और तंज कसा। गोपाल शर्मा ने कहा- अफसरों को द्रव्यवती से मतलब ही नहीं है। कोई काम ही नहीं करना चाहता।

# भाजपा जयपुर शहर कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष गोविंद वाल्मीकि का भव्य स्वागत, वाल्मीकि समाज ने 21 किलो की माला पहनाकर किया सम्मान

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर कार्यालय में आज वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधियों द्वारा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल का 21 किलो की विशाल माला पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके साथ ही जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल के नेतृत्व में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गोविंद वाल्मीकि का भी भव्य, आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत किया गया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के बड़ी संख्या में समाजबंधु, भाजपा जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वाल्मीकि समाज के लोगों में उत्साह, उल्लास एवं संगठनात्मक एकता का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। समाज के लोगों ने जिला अध्यक्ष अमित गोयल का पुष्पमालाओं एवं नारों के माध्यम से अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि वाल्मीकि समाज राष्ट्र निर्माण, सेवा, समर्पण एवं सामाजिक समरसता की गौरवशाली परंपरा का वाहक रहा है। भारतीय जनता पार्टी सदैव समाज के सम्मान, उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गोविंद वाल्मीकि के नेतृत्व में अनुसूचित जाति मोर्चा संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा समाज और संगठन के बीच समन्वय और अधिक सुदृढ़ होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मीडिया सह-प्रभारी नयन माधाणी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण अवसर में उपस्थित जिला महामंत्री नवरतन नराणिया, रेखा राठौड़, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरुवंशी ,कार्यालय एवं सह कार्यालय मंत्री क्षमा अग्रवाल जी कमलेश जायसवाल जी ,राज सिंह राठौड़ सहित जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# उदयपुरवाटी में 20 एमएम बारिश, गर्मी से मिली राहत, कई जगह जलभराव

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**उदयपुरवाटी/सुशील दाधीच।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार शाम को मौसम ने अचानक करवट ली। दिनभर की तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बाद हुई 20 एमएम बारिश ने लोगों को बड़ी राहत प्रदान की। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। नोतपा के दौरान शनिवार सुबह से ही तेज धूप के कारण गर्मी का असर बना रहा। दोपहर के समय गर्म हवाओं और तेज धूप के चलते शहर की सड़कों पर सन्नाटा छा गया तथा लोग घरों में रहने को मजबूर रहे। बढ़ती गर्मी से आमजन खासे परेशान नजर आए। शाम करीब 4 बजे अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। करीब दो घंटे तक रुक-रुक कर बारिश और ठंडी हवाओं का दौर चलता रहा। बारिश होने से लोगों ने राहत की सांस ली तथा बच्चे और युवा मौसम का आनंद लेते दिखाई दिए। तहसीलदार जेआर कूड़ी ने बताया कि शनिवार शाम तक क्षेत्र में कुल 20 एमएम वर्षा दर्ज की गई। हालांकि बारिश के कारण शहर के कुछ हिस्सों में जलभराव की स्थिति भी बनी। चुंगी नंबर तीन से नई मंडी तक झुंझुनूं स्टेट हाईवे पर पानी भर जाने से वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं तेज हवा और बारिश के कारण विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित हुई। बिजली लाइनों में तकनीकी समस्या आने से 33 केवी जीएसएस करीब दो घंटे तक बंद रहा, जिससे शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। बाद में विद्युत विभाग की टीम ने मरम्मत कार्य कर आपूर्ति बहाल की। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी क्षेत्र में मौसम में बदलाव की संभावना बनी हुई है। बारिश के बाद किसानों और आमजन के चेहरों पर राहत साफ दिखाई दी।

## तेल गैस के दाम में वृद्धि ओर बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** आज पेट्रोल डीज़ल रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि के औरदेश में बेलगाम बढ़ती महंगाई के विरोध में ने ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल के नेतृत्व कार्यकताओं ने राष्टपति के नाम स्ठरूदीगोद को प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया और केंद्र सरकार से मांग की बढ़ती हुई पेट्रोल डीज़ल रसोई गैस की कीमतों और समय पर आपूर्ति नहीं होने से ग़रीब किसान, मजदूर आम आदमी बेहाल है दोहरी मार झेल रहा है कीमते बढ़ने से आर्थिक समस्याओं का सामना कर पड़ रहा है गीता मेघवाल ने बताया कि तेल ओर गैस तथा दैनिक जीवन की आवश्यकताओ की चीजों के लगातार दाम बढ़ाने से गृहणियों का बजट बिगड़ गया और गरीब लोगों का परिवार पालना मुश्किल हो गया है तथा कीमतों पर नियंत्रण लगाने में सरकार लाचार फेल है महंगाई रोकने की कोई नीतियां नहीं है केंद्र सरकार इवेन्ट के जरिय आम जनता से मनोरंजन कर खिलवाड़ कर रही है परिवारों का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है प्रदर्शन में ब्लॉक के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें वरिष्ठ नेता जवाहरलाल सेन सुरेशचंद मीणा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राम कैलाश मेघवाल चंद्रभान लश्करी चेतन रेसवाल पृथ्वीराज लश्करी दिनेश कुमार यादव राजकुमार मीणा मंडल प्रभारी,दीपक मीणा नरेंद्र सेनी हेमराज मीणा मुकेश मीणा केवलराम मेघवाल रवि बघेरवाल इकाई अध्यक्षगण महावीर कराडिया, हनुमान मीणा हरिशंकर मेघवाल एडवोकेट महेंद्र मेघवाल सावरा गुर्जर विष्णु मीणा महावीर मीणा कालूलाल मेहरा नवल मेघवाल सोनू मीणा सत्यनारायण मेघवाल एडवोकेट राहुल मीणा महावीर मेघवाल रोहित करण, गिरिराज आकाश मीणा राजाराम मेरोठा नंदबिहार यादव लटूर पंकज निरंजन मेघवाल आयुष सेन चेतन मेघवाल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता प्रदर्शन में उपस्थित रहे

## NEET, CBSE, SSC के बाद अब CUET में भी अव्यवस्था - NTA और मोदी सरकार की नाकामी : राखी गौतम

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**कोटा।** भाजपा के शासन काल में देश में नीट पेपर लीक, CBSE में गड़बड़ी, SSC की खामियों के बाद अब CUET परीक्षा में भी भारी अव्यवस्था को लेकर कोटा शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम ने NTA की नाकामी और मोदी सरकार के कुप्रबंधन को आड़े हाथों लिया है। राखी गौतम ने कहा कि आज सुबह 8 बजे CUET की परीक्षा शुरू होनी थी, लेकिन तकनीकी सिस्टम फेल होने के कारण हजारों छात्र घंटों से परीक्षा केंद्रों के बाहर इंतज़ार करते रहे। गौतम ने सरकार से सवाल उठाया कि हर बड़ी परीक्षा में तकनीकी खामियों और कुप्रबंधन का खामियाज़ा आखिर कब तक छात्र भुगतेंगे? एक पेपर भी सही ढंग से नहीं करवा पाने वाली सरकार विश्व गुरु बनने का सपना कैसे देख सकती है? गौतम ने कहा, यह साफ है कि बिना धांधली और अव्यवस्था के परीक्षा करवाना मोदी सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बस की बात नहीं रही। यह सीधे-सीधे नरेंद्र मोदी और धर्मेंद्र प्रधान की नाकामी है, जिसका खामियाजा देश के बच्चे और उनके माता-पिता भुगत रहे हैं। मोदी सरकार में पूरा शिक्षा सिस्टम फेल हो गया है। युवाओं के भविष्य के साथ यह खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राखी गौतम ने चेतावनी दी कि यदि सरकार छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद नहीं करती है, तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

## बड़ोदरा के बाजवा में यज्ञ सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल का जोरदार स्वागत

### बाजवा में भावरिया के नेतृत्व में हुआ पोस्टर का विमोचन



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया में 17 जून से आयोजित होने वाले 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ को लेकर इन दोनों यज्ञ सेवा समिति का एक प्रतिनिधिमंडल गुजरात के दौरे पर है। बड़ोदरा के बाजवा में बालाजी मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास महाराज व यज्ञ सेवा समिति के लोगों का राजस्थानी प्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया। यज्ञ सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया के सानिध्य में पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान श्री राम जांगीड़ ,भोलाराम जांगिड़, पूरणमल जांगिड़ , भगजी जांगिड़, मुकेश जांगिड़, पप्पू जांगिड़, बंशीधर जांगिड़ आदि राजस्थानी प्रवासी मौजूद रहे।

## पैरोल के बाद भी कैदी को 24-दिन जेल में रखा

### सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रूप से हिरासत मानी; पीड़ित को 11 लाख मुआवजा देने का आदेश

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने पैरोल के आदेश के बाद भी एक कैदी को 24 दिन तक जेल में रखने के मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पीड़ित को 11 लाख रुपए का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट से पैरोल के आदेशों के बावजूद कैदी को रिहा करने में 24 दिन की देरी को अवैध रूप से हिरासत में रखना माना गया है। जस्टिस संजय करोल और अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दाऊदयाल बनाम राजस्थान सरकार के मामले में 29 मई को यह फैसला सुनाया है। प्रशासनिक लेटलतीफी पर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणियां की। कोर्ट ने साफ किया कि कोई व्यक्ति दोषी है, केवल इसलिए उसके मानवाधिकार कम नहीं हो जाते। प्रशासनिक देरी किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन नहीं कर सकती। कोर्ट ने जेल से रिहाई में देरी के पीछे राज्य सरकार का यह तर्क खारिज कर दिया कि वे आदेश को चुनौती देने पर विचार कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जब तक ऊपरी अदालत से स्टे नहीं मिले, तब तक अदालत के आदेश का पालन करना अनिवार्य है। हाईकोर्ट से पैरोल के आदेश के बावजूद 24 दिन जेल में रखा अपीलकर्ता दाऊदयाल को अलवर की कोर्ट ने साल 1988 के गैर इरादतन हत्या केस में 4 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी।

# स्वदेशी जागरण मंच के जिला विचार वर्ग में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**सुशील दाधीच/उदयपुरवाटी।** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से शनिवार को उदयपुरवाटी स्थित शिशु वाटिका विद्या मंदिर में एक दिवसीय जिला विचार वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से आए कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और आर्थिक स्वावलंबन के विषयों पर मंथन करते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रतन सिंह श्योराण, विभाग संयोजक बालकृष्ण शर्मा एवं विभाग सह संयोजक ब्रह्मदत्त मीणा गुड़ा ने विभिन्न सत्रों को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी की अवधारणा अब केवल पारंपरिक उत्पादों तक सीमित नहीं रही है। आधुनिक तकनीक, डिजिटल क्षेत्र, रक्षा उत्पादन और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय संसाधनों और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर ही देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है। जिला संयोजक सुशील रामूका ने बताया कि विचार वर्ग में संगठन की कार्ययोजना, संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए तथा ऊर्जा संरक्षण और आर्थिक स्वावलंबन के लिए सामूहिक संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान भारत को आर्थिक रूप से सुदृढ़, ऊर्जावान और आत्मनिर्भर बनाने में जनभागीदारी की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने स्वदेशी जीवनशैली अपनाने और समाज में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। समापन सत्र में सभी कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव और घर-घर तक स्वदेशी, ऊर्जा संरक्षण एवं आर्थिक स्वावलंबन का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर तहसील संयोजक महेंद्र सैनी, गणेश शर्मा, रुड़सिंह शेखावत, राजेंद्र सिंह शेखावत, पंकज सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोटा कार्यशाला में टैंक वैगन अनुरक्षण पर राष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन

**देशभर के 75 रेल अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव, बीटीपीएन वैगनों के नवीन संशोधनों और अनुरक्षण तकनीकों पर हुई विस्तृत चर्चा**

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**कोटा।** पश्चिम मध्य रेलवे की वैगन रिपेयर शॉप, कोटा में बीटीपीएन एवं बीटीपीजीएलएन टैंक वैगनों के अनुरक्षण, डिज़ाइन सुधार एवं नवीन तकनीकी संशोधनों पर केंद्रित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भारतीय रेल के विभिन्न जोनों एवं मंडलों से आए लगभग 75 अधिकारियों, पर्यवेक्षकों तथा तकनीकी कर्मचारियों ने भाग लिया, जो टैंक वैगनों के अनुरक्षण एवं परिचालन गतिविधियों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की यह कार्यशाला वैगन रिपेयर शॉप, कोटा के मुख्य कारखाना प्रबंधक श्री सुधीर सरवरिया के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में अनुसंधान, अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के निदेशक श्री संजय कुमार तथा रेलवे बोर्ड के उप निदेशक (मुख्य यांत्रिक अभियंता/माल) श्री अमर देव प्रताप सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस अवसर पर उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (प्रथम) श्री दिलीप सिंह मीणा, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (द्वितीय) श्री पुरुषोत्तम मीणा, वर्क्स मैनेजर श्री राजेश पटेल एवं सहायक वर्क्स मैनेजर श्री अंकित तिवारी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने टैंक वैगनों के अनुरक्षण से संबंधित नवीनतम तकनीकी निर्देशों, डिज़ाइन सुधारों तथा सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण रखरखाव के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य टैंक वैगनों के अनुरक्षण से जुड़ी नवीनतम तकनीकों और दिशा-निर्देशों का व्यापक प्रसार, विभिन्न रेल इकाइयों के बीच सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान तथा फील्ड स्तर से प्राप्त अनुभवों और सुझावों के आधार पर डिज़ाइन सुधारों की संभावनाओं पर चर्चा करना था। इस दौरान तकनीकी व्याख्यान, विशेषज्ञ प्रस्तुतियां, व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र तथा आरओएच एवं पीओएच अनुरक्षण प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को बीटीपीएन वैगनों में हाल ही में लागू किए गए नवीन संशोधनों, उनके विभिन्न घटकों की कार्यप्रणाली तथा उनसे प्राप्त होने वाले परिचालन एवं अनुरक्षण संबंधी लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि इन संशोधित वैगनों के बड़े पैमाने पर परिचालन में आने के साथ ही सभी अनुरक्षण इकाइयों एवं कार्यशालाओं को आवश्यक तकनीकी दक्षता, प्रशिक्षित मानव संसाधन एवं आधुनिक उपकरणों के साथ तैयार रहना होगा। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने सुरक्षित, विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले टैंक वैगन अनुरक्षण को भारतीय रेल की माल परिवहन प्रणाली की मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इस दिशा में निरंतर तकनीकी उन्नयन और ज्ञान-साझाकरण की आवश्यकता पर बल दिया।

## राडावास में पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए आवंटित की भूमि

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**विजयपाल सैनी शाहपुरा ।** उपखंड क्षेत्र के राडावास कस्बे में राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए जिला कलेक्टर ने 0.25 हेक्टेयर भूमि आवंटित की है, जिससे पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए स्वीकृत 37 लाख की राशि से विभाग द्वारा पशु चिकित्सालय के नवीन भवन का निर्माण करवाया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि राज्य सरकार व पशुपालन विभाग द्वारा प्रथम श्रेणी राजकीय पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए 37 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। भूमि का आवंटन नहीं होने के कारण भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया था। ग्राम पंचायत प्रशासक अमर सिंह शेखावत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह को पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन करवाने के लिए अवगत करवाया गया था। संसद के निर्देश पर उपखंड प्रशासन द्वारा जिला प्रशासन को उचित स्थान पर पशु चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए राडावास बिशनगढ़ बायपास मार्ग पर जिला प्रशासन द्वारा 0.25 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। भूमि आवंटन होने पर अब शीघ्र ही पशुपालन विभाग द्वारा 37 लाख की लागत से राजकीय पशु चिकित्सालय के नवीन भवन निर्माण का कार्य शुरू करवाया जाएगा।

## आईपीएस नितिन चौधरी के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**विजयपाल सैनी शाहपुरा ।** क्षेत्र के लोकप्रिय एवं कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी आईपीएस नितिन चौधरी के स्थानांतरण पर उनके सम्मान में चंदवाजी पुलिस थाने में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वक्ताओं ने कहा कि आईपीएस नितिन चौधरी ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, आमजन की समस्याओं के समाधान तथा पुलिस-जन सहयोग को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सरल स्वभाव एवं जनहितकारी कार्यों को क्षेत्रवासी हमेशा याद रखेंगे। इस अवसर पर निहाल भार्गव, कैलाश चंद्र पलसानिया, विकास मोबाइल, धोलू राम गुर्जर, लक्ष्मण पलसानिया, हरिराम जींजवाडिया, रामेश्वर नटवाड़िया, अशोक चौधरी (चौधरी मेडिकल), सुभाष दादरवाल एवं राहुल चौधरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी ने आईपीएस नितिन चौधरी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# ट्रैक पर दौड़ते कदमों के साथ जुड़ा योग, खिलाड़ियों ने सीखे सहनशक्ति और एकाग्रता के विशेष सूत्र

**खेल संकुल में एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने नियमित योग को अपनाने का लिया संकल्प**

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**बूंदी (शिव कुमार शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के द्वारा जिला कलेक्टर हरफूल सिंह यादव के मार्गदर्शन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस काउंटडाउन अभियान के द्वितीय चरण में खिलाड़ियों के मध्य योग जागरूकता गतिविधियों का क्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में खेल संकुल स्थित सिंथेटिक ट्रैक पर आयुर्वेद विभाग के पीएमओ एवं योग दिवस समन्वयक डॉ. सुनील कुशवाह के निर्देशन में सामान्य एवं पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ियों के लिए खेल प्रदर्शन संवर्धन व योग कार्यशाला आयोजित हुई। योग प्रशिक्षक भूपेन्द्र योगी एवं चेतन गुर्जर ने खिलाड़ियों को सामान्य योगाभ्यास क्रम, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम तथा खेल प्रदर्शन में सहायक योगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया। विशेष रूप से दौड़ एवं शॉटपुट खिलाड़ियों को सहनशक्ति वृद्धि, श्वसन क्षमता सुदृढ़ीकरण, मांसपेशियों के लचीलेपन, रिकवरी प्रबंधन तथा मानसिक एकाग्रता विकसित करने वाले योगाभ्यासों की व्यवहारिक जानकारी देकर प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। खिलाड़ियों की व्यक्तिगत चुनौतियों एवं प्रशिक्षण संबंधी समस्याओं पर संवाद स्थापित करते हुए उनके समाधान भी सुझाए गए।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स स्वर्ण पदक विजेता एवं कोच सुदर्शन मीणा ने कहा कि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन केवल कठोर अभ्यास से नहीं, बल्कि संतुलित मन, नियंत्रित श्वास और मजबूत आत्मविश्वास से संभव है, उन्होंने खिलाड़ियों को योग को प्रशिक्षण का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षक भूपेन्द्र योगी ने कहा कि योग खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा के दबाव में भी धैर्य, संतुलन और निर्णय क्षमता बनाए रखने की शक्ति प्रदान करता है। खेल और योग का समन्वय ही दीर्घकालिक उत्कृष्टता का आधार है।

अंत में सामूहिक शांति पाठ के साथ समापन हुआ। ऐसे विशेष सत्र अब खेल प्रतिभाओं में स्वास्थ्य चेतना, आत्मानुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन की संस्कृति विकसित करने का प्रभावी माध्यम बनते जा रहे हैं।

## व्यापारियों ने किया पोस्टर विमोचन

**जयपुर।** जयपुर व्यापार महासंघ और राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की ओर से बिरला ऑडिटोरियम में 19 जून को होने जा रहे व्यापारी सम्मेलन एवं महोत्सव को सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यापार मंडलों के अध्यक्ष और प्रमुख पदाधिकारियों ने शनिवार को एम आई रोड स्थित रौनक फैशन पर पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर जयपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेश सैनी, नाहरगढ़ रोड मनिहारी बाजार व्यापार मंडल अध्यक्ष मिन्तर सिंह राजावत, कोषाध्यक्ष अमित शर्मा, घी वालों का रास्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष नीरज लुहाडिया, रामगंज बाजार व्यापार मंडल अध्यक्ष हुकम चंद्र अग्रवाल और कोषाध्यक्ष अशोक सौखिया मौजूद रहे।

# स्व. दिलीप सिंह बड़ागांव की प्रथम पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर 3 जून को

### रक्तदान शिविर को लेकर तैयारियां जोरों पर

**सुमेर सिंह राव/सीकर।** ग्राम पंचायत काछवा में आगामी 3 जून को स्वर्गीय दिलीप सिंह बड़ागांव की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद




मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध करवाने के साथ-साथ युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। तेजस फाउंडेशन से के के बठोठ ने बताया कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचाने में सहायक बनता है। इसी भावना के साथ क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की गई है। शिविर में रक्तदाताओं के लिए समुचित व्यवस्था की जाएगी तथा सभी रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्राम पंचायत काछवा एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने बताया कि स्व. दिलीप सिंह बड़ागांव समाजसेवा एवं जनहित कार्यों से जुड़े रहे, उनकी स्मृति को सेवा कार्यों के माध्यम से जीवंत रखने के उद्देश्य से यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है।

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की अनूठी पहल : वंदे गंगा अभियान के तहत पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए विशेष अभियान शुरू, कई शिकायतें दुरुस्त

**बारां।** आमजन को भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विशेष मुहिम शुरू की गई है। वंदे गंगा जल संरक्षण जन भागीदारी अभियान के तहत कलेक्टर के निर्देशानुसार बारां जिले में 30 जून तक हर शनिवार को यह विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत हैंडपंप व नलकूप मरम्मत, पाइपलाइन लीकेज ठीक करने, अवैध कनेक्शन काटने, कम दबाव और प्रदूषित पानी की शिकायतों का मौके पर निपटारा किया जा रहा है।

### 12 टीमों का गठन, 12 वाहनों से त्वरित कार्रवाई

अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिले में 12 विशेष टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम की कमान सहायक अभियंता या कनिष्ठ अभियंता को सौंपी



गई है। त्वरित आवाजाही के लिए 12 विशेष वाहन भी उपलब्ध कराए गए हैं।

### तीसरे शनिवार 30 मई को बड़ी कार्रवाई

30 मई को 12 टीमों ने जिले के 60 स्थानों पर कार्रवाई की। 24 खराब हैंडपंप दुरुस्त कर चालू किए गए। 4 प्रमुख स्थानों पर पाइपलाइन लीकेज ठीक किए गए। 9 क्षेत्रों में कम दबाव की शिकायत दूर कर आपूर्ति सामान्य की गई। 3 क्षेत्रों में तकनीकी कमियां सुधार कर पानी की सप्लाई शुरू की गई। 2 स्थानों पर कम पेयजल आपूर्ति और 5 जगह कम समय आपूर्ति की शिकायत दुरुस्त की गई। दूषित पानी की शिकायत पर 2 जगह प्रदूषण की समस्या का निवारण किया गया। पानी की चोरी रोकने के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग से 11 अवैध जल कनेक्शन मौके पर काटे गए।

### टैंकर से जलापूर्ति जारी

जिला कलक्टर के मार्गदर्शन पर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार व विकास अधिकारी को पेयजल योजनाओं का निरीक्षण कर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन क्षेत्रों में लाइनों से पानी नहीं पहुंच पा रहा, वहां टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान में जिले के 118 ग्रामों व ढाणियों में 41 टैंकरों द्वारा प्रतिदिन 254 ट्रिप जलापूर्ति की जा रही है।

# सीएम बोले-गुंडा राजस्थान आएगा नहीं, आया तो जाएगा नहीं

## भ्रष्टाचारी और कानून तोड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं, चाहे वो कितने ही बड़े हो

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार करने वालों और कानून तोड़ने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। सीएम ने कहा- भ्रष्टाचारी हो या कानून तोड़ने वाले, कान खोलकर सुन लें। या तो गुंडा राजस्थान में आएगा नहीं और आएगा तो राजस्थान से जाएगा नहीं। भ्रष्टाचारियों और कानून तोड़ने वालों को उचित स्थान पर पहुंचाया जाएगा, चाहे वह कैसा भी हो , कितना ही बड़ा हो उसे उसके स्थान पर पहुंचाया जाएगा। सीएम भजनलाल शर्मा शनिवार को जयपुर में नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन के सम्मेलन में बोल रहे थे।



### भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही सरकार

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- हमारी सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा था, न खाऊंगा न खाने दूंगा, हम उसी मूल मंत्र पर चल रहे हैं। नारे देने के लिए खूब होते हैं। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। भ्रष्टाचार सामने आने के बाद हमने 103 अफसरों को सस्पेंड किया है। 6 अफसरों को सेवा से बर्खास्त किया है और 11 भ्रष्ट अधिकारियों की आजीवन पेंशन पर रोक लगाई है। वहीं रिश्वत, ट्रैप, पद का दुरुपयोग, आय से अधिक संपत्ति प्रकरणों के 108 मामलों में अभियोजन स्वीकृति दी है और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत 37 प्रकरणों में भी कठोर कार्रवाई की है।

### झूठ और लूट की राजनीति करने वालों ने देश को लूटा

सीएम ने नाम लिए बिना कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा- झूठ और लूट की राजनीति करने वालों ने इसी तरह लुभावने नारे देकर देश को लूटा है, उन्होंने देश को बर्बाद किया है, झूठ की राजनीति और भ्रष्टाचार किया है।

### चार लाख से ज्यादा ही नौकरियां देंगे उससे कम नहीं

सीएम ने कहा- हमने चार लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था। सवा लाख नियुक्ति पत्र दे दिए, 1.35 लाख प्रक्रियाधीन है। 1.25 लाख नौकरियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। हम चार लाख से ज्यादा नौकरियां देंगे, उससे कम नहीं देंगे।

### सीएम के अच्छे काम से कुछ लोगों को तकलीफ

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि राजस्थान को मुख्यमंत्री के रूप में एक किसान पुत्र का नेतृत्व मिला है। सीएम ने किसानों के कल्याण और प्रदेश के समग्र विकास के लिए कई फैसले किए हैं। मुख्यमंत्री लगातार गांवों और शहरों में जाकर आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ काम कर रहे हैं। सीएम के अच्छे काम से कुछ लोगों को तकलीफ हो रही है। इससे कुछ होने वाला नहीं है, लेकिन कुछ लोगों की फितरत होती है। कोई आगे बढ़ता है तो जलते हैं, तकलीफ होती है।

# आरसीए ने खिलाड़ियों के हित में खेल-परिषद को भेजा प्रस्ताव

## हर साल एसएमएस स्टेडियम को 48 लाख देने की पेशकश, मोहित बोले-प्लेयर को मिलेगा बेहतर मंच



**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ की एडहॉक कमेटी ने प्रदेश में क्रिकेट गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित, पेशेवर और खिलाड़ियों के हित में संचालित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। RCA ने जयपुर के सवाई मानसिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सालभर ज्यादा से ज्यादा क्रिकेट मुकाबले आयोजित कराने के लिए राजस्थान राज्य खेल परिषद को नया प्रस्ताव सौंपा है। इस प्रस्ताव के तहत RCA ने स्टेडियम उपयोग के बदले प्रति माह 4 लाख रुपए देने की पेशकश की है। RCA एडहॉक कमेटी के संयोजक डॉ. मोहित जसवंत यादव और सदस्य अरिष्ट सिंघवी ने शुक्रवार को खेल परिषद सचिव राजकेश मीणा से मुलाकात कर स्स्स स्टेडियम और RCA अकादमी मैदान पर क्रिकेट गतिविधियों के संचालन और रखरखाव को लेकर चर्चा की। बैठक में RCA की ओर से कहा गया कि वर्तमान ग्राउंड फीस (प्रति मैच 1 लाख रुपए) व्यवस्था पूरी तरह व्यावहारिक नहीं है, जिसके कारण पूरे साल में स्स्स स्टेडियम में RCA की मेजबानी वाले मुकाबले 5 प्रतिशत से भी कम हो पा रहे हैं।

### खेल परिषद को दे रहे एक लाख किराया

डॉ. मोहित जसवंत यादव ने बताया कि फिलहाल **BCCI** टूर्नामेंट के मुकाबलों के लिए खेल परिषद को प्रति मैच 1 लाख रुपए किराया दिया जाता है, जबकि **RCA** अपने घरेलू और अन्य टूर्नामेंट के लिए प्रति मैच 50 हजार रुपए का भुगतान करता है। किराया अधिक होने के कारण संघ को अपने अधिकांश मुकाबले दूसरे मैदानों पर शिफ्ट करने पड़ते हैं। इससे प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को जयपुर के विश्वस्तरीय मैदान पर खेलने का अवसर नहीं मिल पाता।

### एसएमएस को मिलेंगी प्रतियोगिताएं

उन्होंने कहा कि **RCA** सालभर में 300 से अधिक मैच आयोजित करता है। ऐसे में अगर नई व्यवस्था लागू होती है तो एसएमएस स्टेडियम में लगातार क्रिकेट गतिविधियां बढ़ सकेंगी। इससे घरेलू क्रिकेट, आयु वर्ग प्रतियोगिताओं और संभावित राष्ट्रीय मुकाबलों के आयोजन को भी गति मिलेगी।

# पुलिस में अब इन्वेस्टिगेशन और लॉ-एंड-ऑर्डर की अलग-अलग विंग

## हाईकोर्ट में पेश किया प्लान, 20 थानों में शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट; जांच अधिकारी रहेंगे वीआईपी ड्यूटी से दूर

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस में पेंडिंग केस बढ़ने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई थी। इस पर अब पुलिस में बड़े बदलाव की तैयारी है। पुलिस थानों में अब इन्वेस्टिगेशन, लॉ एंड ऑर्डर (कानून व्यवस्था) और एडमिनिस्ट्रेटिव (प्रशासनिक) की अलग-अलग विंग होगी। पुलिस ने राजस्थान हाईकोर्ट में इसका प्लान पेश किया है। हाईकोर्ट ने लंबे समय तक केस की जांच पूरी नहीं होने, पेंडेंसी बढ़ने को लेकर पुलिस में इन्वेस्टिगेशन और लॉ एंड ऑर्डर की अलग-अलग विंग बनाने का निर्देश दिया था। कोर्ट के सामने आया था कि एक ही पुलिसकर्मी के पास इन्वेस्टिगेशन, वीआईपी ड्यूटी, भीड़ नियंत्रण और कानून व्यवस्था व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी होती है। इससे जांच प्रभावित होती है और मामलों में अनावश्यक देरी होती है। इसकी पालना में पुलिस ने चार राज्यों (केरल, पंजाब, दिल्ली और बिहार) के मॉडल की स्टडी करके प्लान पेश किया। इसमें जांच अधिकारियों को नियमित कानून-व्यवस्था ड्यूटी, वीआईपी सुरक्षा, चुनाव ड्यूटी और अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियों से मुक्त रखा जाएगा। प्लान के अनुसार- राज्य के 20 चयनित पुलिस थानों में पायलट प्रोजेक्ट लागू किया जाएगा। प्रत्येक थाने में जांच, कानून-व्यवस्था और प्रशासन के लिए अलग-अलग इकाइयां बनाई जाएंगी। पुलिस के प्लान को रिकॉर्ड पर लेते हुए जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने 21 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई तय की है। अदालत में पेश रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। महिलाओं के खिलाफ अपराध और संपत्ति संबंधी कई मामलों में दोष सिद्ध करने की दर केवल 40 से 50 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई है। वहीं साइबर अपराध, आर्थिक अपराध और एनडीपीएस से जुड़े मामलों की जांच अक्सर दो सालों से अधिक समय तक लंबित रहती है। रिपोर्ट के अनुसार- कई शहरी थानों में एक जांच अधिकारी के पास एक समय में 40 से 70 तक सक्रिय मामले होते हैं। इससे जांच की गुणवत्ता प्रभावित होती है और मामलों का निस्तारण लंबित होता जाता है। इस नई व्यवस्था को लागू करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता भी सामने आई है। समिति ने पायलट प्रोजेक्ट के लिए चयनित थानों में लगभग 935 नए पद सृजित करने की सिफारिश की है।

# महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में परिंडा अभियान आयोजित

## श्री कॉन्वेंट अकादमी में लगाए गए मिट्टी के परिंडे, पक्षियों के संरक्षण का दिया संदेश

**सुमेर सिंह राव/सीकर।** सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए श्री कॉन्वेंट अकादमी में पक्षियों के लिए मिट्टी के परिंडे लगाने का अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराना एवं आमजन को जीव संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोहागर्ल पीठाधीश्वर महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जीव सेवा ही सच्ची मानव सेवा है। गर्मी के इस मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने



घर, संस्थान एवं सार्वजनिक स्थानों परप परिंडे लगाकर पक्षियों की सेवा करनी चाहिए।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के परिंडे लगाए गए तथा विद्यार्थियों को नियमित रूप से उनमें स्वच्छ पानी भरने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर मक्खन लाल जांगिड़ द्वारा सभी स्वागत किया गया। सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट ने बताया कि संस्था समय-समय पर सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े जनहितकारी कार्य करती रहती है। पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का यह अभियान भी उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से प्रिंसिपल गरिमा जांगिड़ महेश जांगिड़ कमला जांगिड़ नौरंग लाल जांगिड़ सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आईपीएस सुमित मेहरड़ा को पहली बार डीजीपी डिस्क सम्मान

## राहुल प्रकाश, आईजी जयपुर रेंज और धौलपुर एसपी विकास सांगवान को तीसरी बार मिलेगा: 123 नामों की लिस्ट जारी

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने सराहनीय सेवाओं और उत्कृष्ट कार्य के लिए साल-2026 की डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति रोल लिस्ट जारी कर दी है। जारी लिस्ट में आईपीएस, आरपीएस, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, एएसआई, हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल स्तर तक कुल 123 अधिकारियों-कर्मचारियों को डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति रोल के लिए चयनित किया गया है। कई युवा आईपीएस अधिकारियों को भी उनके अच्छे कामों के लिए सम्मानित किया जाएगा। अपराध नियंत्रण, साइबर अपराधों की रोकथाम, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नवाचार आधारित पुलिसिंग में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों का चयन किया गया है।




### आईपीएस हरिशंकर को पहली बार मिलेगा सम्मान

श्रीगंगानगर के पुलिस अधीक्षक हरिशंकर को पहली बार डीजीपी डिस्क प्रदान की जाएगी। इससे पहले वे हनुमानगढ़ जिले में भी पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं। दोनों जिलों में अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग में सुधार और प्रभावी प्रशासनिक कार्यशैली के चलते उनके काम को पुलिस मुख्यालय ने सराहा है।

### IPS सुमित मेहरड़ा को भी पहली बार DGP डिस्क

वर्तमान में साइबर क्राइम शाखा में पदस्थ सुमित मेहरड़ा को पहली बार डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया जाएगा। जयपुर में डीसीपी ट्रैफिक रहते हुए उन्होंने यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए लगातार फील्ड में सक्रिय भूमिका निभाई। ट्रैफिक सुधार के लिए किए गए नवाचार और प्रभावी मॉनिटरिंग को इस सम्मान का आधार माना गया है।

### झालावाड़ एसपी अमित बुढ़ानिया को दूसरी बार सम्मान

झालावाड़ पुलिस अधीक्षक अमित कुमार (अमित बुढ़ानिया) को दूसरी बार डीजीपी डिस्क मिलेगी। उनके नेतृत्व में जिले में रोडवेज टिकट चोरी गिरोह, सूदखोरी नेटवर्क और बिजली चोरी माफियाओं के खिलाफ की गई कार्रवाई राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी। कई अभियानों को अन्य राज्यों ने भी मॉडल के रूप में देखा।

### आईपीएस जय यादव को तीसरी बार डीजीपी डिस्क

जय यादव को तीसरी बार डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया जाएगा। चूरू के पुलिस अधीक्षक रहते हुए उन्होंने अपराधियों की गिरफ्तारी और निगरानी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का अभिनव प्रयोग किया। गैंगस्टरों और संगठित अपराध के खिलाफ उनके कार्यकाल में हुई कार्रवाई को पुलिस मुख्यालय ने विशेष रूप से सराहा। वर्तमान में वे सीमा सुरक्षा बल में डीआईजी के पद पर कार्यरत हैं।

### धौलपुर एसपी विकास सांगवान को तीसरी बार सम्मान

धौलपुर के पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को लगातार प्रभावी कार्यों के लिए तीसरी बार डीजीपी डिस्क प्रदान की जाएगी। चुनौतीपूर्ण माने जाने वाले धौलपुर जिले में उन्होंने अवैध बजरी परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया। इसके साथ ही अपराधों में कमी लाने और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही।

# भाजपा चलाएगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान: भूपेंद्र सैनी

**भाजपा जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाएगी केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां : भूपेंद्र सैनी**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का विशेष प्रसारण 31 मई को, प्रदेशभर में बूथ, मंडल पर सुना जाएगा:- भूपेंद्र सैनी**

**'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान' प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में बनता जा रहा है महत्वपूर्ण जनआंदोलन:- भूपेंद्र सैनी**

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों तथा राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों को लेकर प्रदेशभर में व्यापक जन-जागरण अभियान चलाए जा रहे है। इसके अंतर्गत योग दिवस, एक पेड़ मां के नाम, वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान, परिंडे लगाओ अभियान, मीडिया संवाद, जनकल्याण शिविर, प्रगति पथ यात्रा, ग्राम चौपाल तथा रात्रि चौपाल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से जोड़ा जाएगा। सैनी ने बताया कि इन अभियानों में पार्टी के सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से भाग लेते हुए जनता के बीच पहुंच रहे हैं। प्रदेशभर में सभागार बैठकों और छोटी-छोटी संवादात्मक बैठकों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की विकास यात्रा को लोगों तक पहुंचाया जा रहा। भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का विशेष प्रसारण रविवार को प्रदेश कार्यालय सहित प्रदेशभर के सभी बूथों पर सुना जाएगा। प्रदेश कार्यालय में इसका लाइव प्रसारण होगा, वहीं मुख्यमंत्री



निवास पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आगामी संगठनात्मक बैठकों का आयोजन भी आधुनिक तकनीक और आनलाइन माध्यम से किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए विशेष जन संपर्क अभियान का दायित्व प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, सभागार बैठकों का दायित्व भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सैनी, जनकल्याण शिविर का दायित्व प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल, मोदी सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी का दायित्व प्रदेश महामंत्री डॉ मिथिलेश गौतम, विश्व पर्यावरण दिवस का दायित्व वरिष्ठ भाजपा नेता जसवंत विश्नोई, प्राकृतिक खेती कार्यशाला का दायित्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह टीटी, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का दायित्व प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहूर, मीडिया संवाद का दायित्व मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ और इनकी टोली को दिया गया है। सैनी ने कहा कि राजस्थान सरकार का 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान' प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण जनआंदोलन बनता जा रहा है। प्रदेश के 23 जिलों में बावड़ियों, कुओं और पारंपरिक जल स्रोतों की सफाई का कार्य जनभागीदारी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं इस अभियान में भाग लेकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। मंत्री, विधायक, संगठन पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए गांव-गांव पहुंच रहे हैं, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो और भूजल स्तर में वृद्धि हो सके। भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने बताया कि भीषण गर्मी के बावजूद प्रदेश में बिजली और पानी की व्यवस्थाओं को लेकर सरकार लगातार सक्रिय है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं विभिन्न क्षेत्रों में जाकर रात्रि विश्राम कर रहे हैं तथा जनता की समस्याओं को मौके पर सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। ग्राम चौपाल और रात्रि चौपाल के माध्यम से सरकार और संगठन सीधे जनता के बीच पहुंच रहे हैं। पानी की समस्या को लेकर सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है और संबंधित विभागों को लगातार आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को लेकर चलाए जा रहे ये अभियान जनता को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता और जनजागरण को भी मजबूत करेंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।